परिवार को बताना (2 का भाग 1)

रेटिंग:

विवरण: ?????? ?????? ???? ?? ????? ?? ??? ???? ??????? ?? ?????? ?? ???? ?? ????? ?? ???? ?? ????? ?? ??? ?????????? ???? ???? ?? ??-??? ???? ???? ??? 1: ?? ??? ?? ???????? ?? ????? ?? ??? ???? ?? ???? ????????? ?? ????? ???? ?? ??? ??????????? ??????

श्रेणी: पाठ > सामाजिक बातचीत > मुस्लिम समुदाय

द्वारा: NewMuslims.com

प्रकाशित हुआ: 08 Nov 2022

अंतिम बार संशोधित: 07 Nov 2022

उद्देश्य

- अपने धर्मांतरण की घोषणा के डर से उत्पन्न चिंता को दूर करना और प्रियजनों के साथ व्यवहार करते समय आत्मविश्वास विकसित करना।

- अपने मित्रों और परिवार को अपने धर्मांतरण की खबर बताने के लिए एक उपयुक्त रणनीति को जानना।

- इस कार्य को आसान बनाने में अल्लाह से मदद लेने के लिए नए धर्मान्तरित लोगों को विभिन्न आह्वानों के बारे मे बताना।

एक ऐसा कार्य जो इस्लाम अपनाने वाले नए लोगों के लिए अक्सर सबसे चुनौतीपूर्ण होता है, वह है अपने मित्रों और परिवार को अपनी नई आस्था की खबर देना। यद्यपि बहुत से लोग अपनी नई आस्था और अपना नया आध्यात्मिक जीवन शुरू करने में बहुत प्रसन्न होते हैं, लेकिन नकारात्मक परिणामों और प्रियजनों की अस्वीकृति के डर से उन्हें यह कार्य बेहद कठिन लग सकता है। किसी को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे इस कार्य को अत्यंत सावधानी से करें, क्योंकि ऐसा नहीं करने से संबंधों को नुकसान हो सकता है और भावनाओं को आहत करने के अलावा कुछ हासिल नहीं हो सकता है।

इस पाठ में कुछ व्यावहारिक सलाह और कुछ अनुस्मारक हैं जो शायद आपकी चिंता को दूर करेंगे और आपको अपने प्रियजनों के साथ आत्मविश्वास से व्यवहार करने में मदद करेंगे।

सबसे पहले, इस्लाम अपनाने के लिए आपको बधाई। यह सही निर्णय है और आपको इस पर निश्चिंत रहना चाहिए। इसके अलावा, यह तथ्य कि आपको इस्लाम के लिए निर्देशित किया गया है, इस बात का

प्रमाण है कि ईश्वर आपसे प्यार करता है और वह आपकी मदद करेगा जिसकी आपको लंबे समय से आवश्यकता है। पैगंबर (उन पर अल्लाह की दया और आशीर्वाद हो) ने कहा:

"जिसके लिए अल्लाह अच्छा चाहता है, वह उसे धर्म की समझ देता है।"(अल-बुखारी)

दूसरा, सलाह के निम्नलिखित सेट को पढ़ें और उसे लागू करें जो आपकी व्यक्तिगत स्थिति के लिए प्रासंगिक है।

स्थिति का आकलन करें

कभी-कभी एक नये मुसलमान को लग सकता है कि वे अपने परिवार से शुरू करके सभी को यह बता दे कि उसने इस्लाम अपना लिया है। कुछ को लग सकता है कि वे किसी भी प्रकार की प्रतिक्रिया का सामना करने के लिए तैयार हैं, जबकि अन्य को लग सकता है कि उनके परिवार को कोई आपत्ति नहीं होगी और वे उसके निर्णय का स्वागत करेंगे। वास्तविकता बहुत अलग हो सकती है। हालांकि कुछ परिवार के सदस्य धार्मिक नहीं हो सकते हैं, तथ्य यह है कि उनके प्रियजन ने उनकी आस्था से अलग एक और आस्था को चुना है, या सिर्फ इसलिए कि वे इस्लाम के बारे में गलत धारणा रखते हैं, वे अपेक्षा से अलग प्रतिक्रिया कर सकते हैं। यह इस्लाम अपनाने के बाद किसी व्यक्ति के विकास के लिए हानिकारक हो सकता है, और इसलिए व्यक्ति को शांत मन और धैर्य से सोचना चाहिए और स्थिति का अच्छी तरह से आकलन करना चाहिए। इस्लाम अपनाने के बाद, व्यक्ति को विश्वास और पूजा की मूल बातें सीखने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए और अपने धर्मांतरण के बारे मे बहुत जल्द बताने पर यह करना बहुत कठिन हो सकता है। पहला चरण आनंद और प्रेरणा से भरा होने के बजाय, यह तर्क और दुर्भावना से भरा हो सकता है।

इस्लाम अपनाने की घोषणा करना मुसलमान होने की शर्त नहीं है, और अगर किसी को लगता है कि वे ऐसा करने में देरी करना पसंद करेंगे जब तक कि वे विश्वास और ज्ञान में मजबूत न हों या जब तक वे स्वतंत्र न हों, तो यह ठीक है। दूसरी ओर, अगर किसी को लगता है कि उनका परिवार उनकी नई आस्था को स्वीकार कर लेगा, तो इसकी घोषणा करना बेहतर होगा क्योंकि इससे उनके लिए इस्लाम की शिक्षाओं का अभ्यास करना आसान हो जाएगा।

और इसका एक उदाहरण पैगंबर (उन पर अल्लाह की दया और आशीर्वाद हो) के महान साथी मुआविया इब्न अबी सुफयान है, जो मुस्लिम बन गए और अपने माता-पिता से अपना धर्म परिवर्तन छुपाया। उनके माता-पिता इस्लाम के खिलाफ थे, और अपने माता-पिता को ये बताना की वो मुसलमान बन गए हैं, इसके बहुत बुरे परिणाम हो सकते थे, इसलिए उन्होंने इसे न बताने का फैसला किया; इसके बजाय, उन्होंने देरी करने और सही समय पर अपने इस्लाम की घोषणा करने का विकल्प चुना। वह

समय तब आया जब पैगंबर ने मक्का पर विजय प्राप्त की। मुआविया और उनके पिता अन्य लोगों के साथ पैगंबर से मिलने गए और उनके सामने अपने इस्लाम की घोषणा की।

जब आप इसकी घोषणा करने का निर्णय लें, तो निम्नलिखित दिशानिर्देशों का ध्यान रखें।

धैर्य और प्रार्थना से मदद लें

घबराएं नहीं। प्रार्थना और चिंतन के माध्यम से अल्लाह की मदद लें। अल्लाह को इन क्षणों में आपका मार्गदर्शन करने दें। आपके पास ईश्वर की ओर से दो 'उपहार' हैं: धैर्य और प्रार्थना आपको शक्ति प्रदान करने के लिए। अल्लाह कहता है:

“और धैर्य और प्रार्थना में मदद मांगो ...” (क़ुरआन 2:45)

आप जिस भी कठिनाई का सामना करेंगे वह केवल एक परीक्षा है जिसके माध्यम से आप अल्लाह पर और अधिक आस्था रखेंगे और विश्वास करेंगे। आप उस पर भरोसा करना और उससे सहायता लेना सीखेंगे। परिणाम जो भी हो, जान लें कि अंत में यह आपके लिए अच्छा ही होगा। पैगंबर का कथन कितना सुंदर है:

“आस्तिक का मामला कितना अद्भुत है! उसके सारे मामले अच्छे हैं, और यह [योग्यता] आस्तिक के अलावा किसी और के लिए नहीं है। यदि उसके साथ कुछ अच्छा होता है, तो वह ईश्वर का धन्यवाद करता है और उसकी स्तुति करता है, और यह उसके लिए अच्छा है। यदि वह किसी कठिनाई से पीड़ित है, तो वह धैर्य रखता है, और यह उसके लिए अच्छा है।” *(मुस्लिम)*

अल्लाह से अपने मामलों को आसान बनाने और आपको ताकत देने के लिए कहें। उससे मांगे कि आपके धर्मान्तरण की खबर आपके माता-पिता आसानी से स्वीकार कर लें। अपने धर्म पर दृढ़ रहने के लिए अल्लाह से मांगे। उससे कहें कि वह आपको अपने माता-पिता के लिए मार्गदर्शन का साधन बना दे। पैगंबर द्वारा निर्धारित कुछ विशेष प्रार्थनाएं निम्नलिखित हैं जिनसे आप खुद को और अपने धर्म को मजबूत करने के लिए प्रार्थना कर सकते हैं।

प्रार्थना 1

“ऐ अल्लाह, यह आपकी दया है जिसकी मै आशा करता हूं, इसलिए मुझे एक पलक झपकने तक के लिए भी मेरे मामलों का प्रभारी न बनाओ और मेरे सभी मामलों को मेरे लिए सुधारो। आपके सिवा कोई भी पूजा के लायक नहीं है।” (अबू दाऊद)

प्रार्थना 2

“अल्लाह के अलावा कोई भी पूजा के लायक नहीं है, वो सब कुछ जानने वाला और सहनशील है। शानदार सिंहासन का मालिक अल्लाह के अलावा कोई भी पूजा के लायक नहीं है। स्वर्ग के मालिक, पृथ्वी के मालिक और महान सिंहासन के मालिक अल्लाह के अलावा कोई भी पूजा के लायक नहीं है।” (अल-बुखारी)

प्रार्थना 3

पैगंबर ने हमें बताया:

“आदम के बच्चों के दिल सबसे दयालु के लिए एक समान है, और वह उन्हें अपनी इच्छानुसार निर्देशित करता है।” (अहमद)

अल्लाह के दूत की दुआ के साथ बार-बार प्रार्थना करें:

“ऐ हृदयों को बदलने वाले, मेरे हृदय को अपने धर्म पर दृढ़ कर।” अल-तिर्मिज़ी)

प्रार्थना 4

यदि आपको किसी भी समय अपनी आस्था पर संदेह हो:

·अल्लाह की शरण लो।

·अपने आप को यह कहकर याद दिलाएं कि आप यीशु, मूसा और बाकी पैगंबरो के धर्म पर हैं, *'??? ?????? ?? ???? ????? ?? ??????? ???? ???।’**[1]***

आत्मावबोधन

प्रियजनों या अजनबियों की अस्वीकृति से न डरो। कुछ लोग आलोचना होने पर बहुत निराशा हो सकते हैं; अन्य इससे नई ताकत प्राप्त करते हैं। इस्लाम एक नया रूप, नए आत्मविश्वास, आत्म-आश्वासन और सामाजिक आराम के साथ एक नया सामाजिक जीवन लाता है। इस्लाम वास्तव में अच्छे लोगो के व्यक्तित्व को बदलने की क्षमता रखता है। जैसे ही आस्था आपके दिल की गहराइयों में प्रवेश करेगी, आपको एहसास होगा कि पूरी दुनिया का जीवन इस्लाम के इस महान आशीर्वाद के साथ एक पल के

जीने के बराबर नहीं हो सकती। क्षमाशील और धैर्यवान बनें!

उससे बात करें जिस पर आप भरोसा करते हैं

किसी ऐसे मुस्लिम मित्र से बात करें जिस पर आप भरोसा करते हैं, खासकर ऐसे व्यक्ति से जिसके पास ज्ञान और बुद्धि हो। एक अच्छा मित्र खोजें जिसके व्यवहार में आप सबसे अच्छा इस्लाम देखें। किसी प्रिय मित्र का सहयोग बहुत अच्छा रहेगा। याद रखें, दिल को दिल ठीक करता है! अपनी भावनाओं को बढ़ने न दें। इसके बारे में बात करें; मानव प्रेम और देखभाल का कोई विकल्प नहीं है।

प्रियजनों को बताने के तरीके

सभी माता-पिता एक समान नहीं होते हैं। कुछ अपने बच्चों के करीब होते हैं और कुछ दूर। निष्क्रिय परिवार भी काफी आम हैं। कुछ माता-पिता अपने बच्चे का समर्थन करते हैं चाहे वो कोई भी धर्म या जीवन शैली चुनें, और अन्य लोग बहुत विरोध करते हैं। किसी भी मामले में, यह एक अच्छा विचार हो सकता है कि पहले उन्हें बताएं कि आप इस्लाम के बारे में पढ़ रहे हैं, शायद बताने से पहले आप जो कुछ सीखते हैं उसे साझा करें, क्योंकि यह एक बड़ा झटका हो सकता है। चीजें धीरे-धीरे करें। अंत में, यह आपके ऊपर है क्योंकि आप अपने परिवार की प्रकृति को सबसे अच्छी तरह जानते हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि कोई भी कदम उठाने से पहले स्थिति का अच्छी तरह से अध्ययन करें और जल्दबाजी में निर्णय न लें।

जैसा कि पहले बताया गया है, स्थिति के अनुसार आप इस समय अपने निर्णय के बारे में उन्हें न बताने का विकल्प चुन सकते हैं। यदि आप अपने माता-पिता के साथ रहते हैं, तो आप प्रार्थना कर सकते हैं जब वे आपको न देख रहे हों। आप उन्हें बता सकते हैं यदि आपको लगता है कि वे समर्थन करेंगे।

यदि आप अकेले रहते हैं, तो यह बहुत आसान हो सकता है। आप अपने माता-पिता से आमने-सामने मिल सकते हैं, उन्हें फ़ोन कर सकते हैं, ईमेल भेज सकते हैं या एक पत्र लिख सकते हैं। आम तौर सबसे अच्छा तरीका आमने-सामने बात करना है, क्योंकि संचार के अन्य साधन से एक-दूसरे का पक्ष समझने मे गलती हो सकती है। यदि आप उनके धर्म से भिन्न धर्म को अपनाने के परिणामस्वरूप होने वाली सामाजिक अजीबता के लिए चिंतित हैं और अपने धर्म के बारे में उनसे बात करने में डर महसूस करते हैं, तो आप पहले एक सामान्य पत्र लिखने को एक बेहतर विकल्प मान सकते हैं। इससे आप अपने विचारों को एक साथ रख सकते हैं, उन्हें इससे उबरने के लिए समय मिलेगा, और शायद आप दोनों को एक घबराहट भरी मुलाकात से बचाएगा।

किसी तरह भी, आपको कभी न कभी उनसे आमने-सामने मिलना होगा, और इसकी चर्चा अगले लेख मे होगी।

Footnotes:

[1] सहीह मुस्लिम।

इस लेख का वेब पता

https://www.newmuslims.com/hi/articles/16

कॉपीराइट © 2011 - 2024 NewMuslims.com. सर्वाधिकार सुरक्षित।